दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-32 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 10 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मिडिल ईस्ट संकट पर राज्यसभा में बोले जयशंकर

### सरकार हालात पर रख रही नजर और अर्मेनिया के रास्ते भारतीयों की वापसी



नई दिल्ली,(ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ईरान पर इजरायल तथा अमेरिका के हमलों के बाद उत्पन्न गंभीर हालात को लेकर सोमवार को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन राज्यसभा में हंगामें के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात रखी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने नियम 176 के तहत इस मुद्दे पर चर्चा की मांग उठाई और भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंता जताई।विपक्ष ने उच्च सदन में मांग ठुकराए जाने को लेकर जोरदार हंगामा किया और विदेश मंत्री के बयान के बीच सदन से वाकआउट किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और

### विपक्ष का जोरदार हंगामा और नारेबाजी के साथ सदन से किया वाकआउट

वर्तमान स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सदन में कहा कि मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन भारत सरकार वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए अर्मेनिया के रास्ते निकासी की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावास लगातार लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बीच भी विदेश मंत्री जयशंकर ने अपना बयान जारी रखा। उन्होंने सदन को बताया, कि भारत सरकार ने एक आधिकारिक बयान जारी कर रखा है मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता भी व्यक्त की थी। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने तथा तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की थी। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना कठिन है, हालांकि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत कर स्थिति पर चर्चा की है।विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और संबंधित मंत्रालय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और वहां की स्थिरता भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।जयशंकर ने सदन को जानकारी दी कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं, जबकि ईरान में भी पढ़ाई या रोजगार के लिए कुछ हजार भारतीय मौजूद हैं।




लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव और दूसरे विपक्षी नेता नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दौरान पश्चिम एशिया संकट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### *लोकसभा में कांग्रेस के हंगामे पर किरेन रिजिजू की तीखी प्रतिक्रिया, बोले- क्या एक आदमी पूरे देश का महाराजा है*


*नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष बेमतलब हंगामा करने में लगा है। सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा, विपक्ष पूरी तरह कंफ्यूजन में है। उसके लोगों को यह नहीं पता है कि उन्हें क्या करना है। पहले ये लोग लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, जो अभी तक पेंडिंग है, लेकिन उसी बीच दूसरा अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे रहे हैं, जिसका कोई मतलब नहीं है।*

### राष्ट्रपति मुर्मू को लेकर मोदी और ममता में खींचतान...ममता ने तस्वीर दिखा पूछा, कौन किसका अपमान कर रहा



कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल की सियासत में सम्मान और अपमान की एक नई जंग छिड़ गई है। मुद्दा है देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल से जुड़ा हुआ है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल सरकार पर राष्ट्रपति के घोर अपमान का आरोप लगाया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुरानी तस्वीर दिखाकर प्रधानमंत्री मोदी पर ही पलटवार किया। सीएम ममता ने तस्वीर को सबूत बताकर दावा किया प्रधानमंत्री राष्ट्रपति पद का सम्मान करने के बड़े-बड़े दावे करते रहते हैं। आइए इस तस्वीर को गौर से देख लें। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति खड़ी हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी आराम से अपनी कुर्सी पर बैठे हैं। राष्ट्रपति के प्रति सम्मान के सभी दावे खोखले लगते हैं जब प्रत्यक्ष प्रमाण उनके पद के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। वीडियो में तृणमूल के दो नेता राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी की 2024 की तस्वीर पकड़े दिख रहे हैं। यह तस्वीर 31 मार्च, 2024 को खींची गई थी, जब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने आडवाणी से मुलाकात की थी और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया था।

## रसोई गैस बुकिंग के नियमों में सरकार ने किया बदलाव, अब इतने दिन बाद मिलेगा सिलेंडर



नई दिल्ली,(ए.)। केंद्र सरकार ने आम आदमी की रसोई से जुड़े एलपीजी (LPG) गैस सिलेंडरों की बुकिंग प्रक्रिया में एक बड़ा और अहम बदलाव कर दिया है। अब ग्राहकों के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। सरकार की ओर से उठाया गया यह सख्त कदम मुख्य रूप से गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और बाजार में चल रही ब्लैक मार्केटिंग (कालाबाजारी) पर पूरी तरह से लगाम लगाने के मकसद से लिया गया है। इस बड़े बदलाव के साथ ही सरकार ने देश की सभी रिफाइनरियों को एलपीजी का प्रोडक्शन (उत्पादन) बढ़ाने का भी सख्त आदेश दिया है।

तेल और गैस कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे कॉमर्शियल कनेक्शन की बजाय घरेलू एलपीजी ग्राहकों की जरूरतों को पहली प्राथमिकता दें। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार घरेलू उपभोक्ताओं की मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए अब एलपीजी के लिए नए अंतरराष्ट्रीय पार्टनर्स की भी तलाश कर रही है। इस दिशा में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और नॉर्वे जैसे प्रमुख देशों ने भारत से गैस सप्लाई के लिए संपर्क भी साधा है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर बड़ी राहत, फिलहाल नहीं बढ़ेंगे दाम!

आम जनता के लिए राहत की एक और बड़ी खबर यह है कि फिलहाल देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा होने की कोई संभावना नहीं है। जानकारों का कहना है कि जब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत 130 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार नहीं जाती, तब तक भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। इसके पीछे सबसे बड़ा तर्क यह दिया गया है कि भारत के पास अभी कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक (भंडार) मौजूद है। इसके अलावा, रणनीतिक कदम उठाते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (Strait of Hormuz) के बंद होने की स्थिति में अब दूसरे सुरक्षित समुद्री रास्तों से भी क्रूड ऑयल की सोर्सिंग को बढ़ा दिया गया है। साथ ही विमानों में इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) का भी देश में पर्याप्त भंडार सुरक्षित होने का दावा किया गया है।


## कूनो से फिर आई खुशखबरी, मादा चीता ज्वाला ने दिया पांच शावकों को जन्म, देश में अब 53 चीते



ग्वालियर ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से सोमवार को एक बार फिर वन्यप्रेमियों के लिए खुशखबरी आई है। मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही अब चीतों का आंकड़ा 50 से ऊपर पहुंच गया है। अब देश में कुल 53 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर खुद यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी मिली है। चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म दिया है, जो प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या अर्धशतक के आंकड़े को पार करते हुए 53 तक पहुंच गई है।

सीएम ने आगे लिखा कि यह वन्यजीव संरक्षण के लिए गर्व का क्षण है और भारत में चीतों की पुनर्स्थापना के प्रयासों की सफलता का मजबूत प्रमाण भी है। इसके साथ ही उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें मादा चीता ज्वाला अपने पांच नवजात शावकों के साथ नजर आ रही है।

## पाकिस्तान की नापाक साजिश, सेना प्रमुख का डीपफेक वीडियो बनाकर भारत को फंसाने की कोशिश; पीआईबी ने खोली पोल



नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे भारी तनाव और युद्ध के हालात से पूरी दुनिया में खौफ का माहौल है। जहां एक तरफ सभी देश इस जंग के जल्द खत्म होने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इस युद्ध की आड़ में पाकिस्तान ने भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को खराब करने के लिए एक गहरी साजिश रची है। सोशल मीडिया पर भारतीय सेना प्रमुख के नाम से एक एआई-जनरेटेड (AI-generated) डीपफेक वीडियो वायरल कर यह झूठा भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है कि भारत ने ईरानी नौसेना के युद्धपोत ÒIRIS DenaÓ की खुफिया लोकेशन इजरायल के साथ साझा की थी। भारत सरकार की आधिकारिक फैक्ट-चेक यूनिट (PIB Fact Check) ने इस पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा की पोल खोल दी है और इस दावे को पूरी तरह से बेबुनियाद, झूठा और भ्रामक करार दिया है। पीआईबी की जांच में यह साफ हुआ है कि वायरल हो रहा यह वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल करके बनाया गया एक खतरनाक डीपफेक है। जानबूझकर गलत नैरेटिव सेट करने के लिए इस वीडियो में भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का नाम और उनकी आवाज की हूबहू नकल का इस्तेमाल किया गया है। फैक्ट-चेक में यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान कभी नहीं दिया और यह फर्जी क्लिप दरअसल उनके 'रायसीना डायलॉग' (Raisina Dialogue) में दिए गए एक भाषण के फुटेज से छेड़छाड़ करके तैयार की गई है।

### हरदा-खंडवा स्टेट हाईवे के पास खेत में लगी भीषण आग, 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख



हरदा, (निप्र)। मध्य प्रदेश के हरदा जिले में खिरकिया क्षेत्र के छीपाबड़ गांव में सोमवार को हरदा-खंडवा स्टेट हाईवे के पास एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, छीपाबड़ पुलिस और प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। खिरकिया से पहुंची दमकल की गाड़ी द्वारा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया, जबकि स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग पर काबू पाने में सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खेत में अचानक आग लगी और तेज हवा के कारण वह तेजी से आसपास की फसल में फैलती चली गई।




### राजधानी दिल्ली के करीब लगे भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग; जानें कितनी रही तीव्रता




नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली से थोड़ी ही दूर रेवाड़ी में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के रेवाड़ी में 5 किमी की गहराई में था। सुबह 7 बजकर 1 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए। वहीं रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 दर्ज की गई है। हालांकि इससे किसी भी अप्रिय घटना की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। झटकों के बाद कुछ लोग घरों से बाहर आ गए थे।हाल के दिनों में देश-दुनिया के कई इलाकों में भूकंप की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हमारी धरती के भीतर 7 टेक्टोनिक प्लेट्स हैं। ये प्लेट्स लगातार अपने स्थान पर घूमते रहती हैं। हालांकि, कभी-कभी इनमें टकराव या घर्षण भी होता है। इसी कारण धरती पर भूकंप की घटनाएं देखने को मिलती हैं।

## ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या न हो, संबंधित विभाग तैयार करें प्रभावी कार्ययोजना : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

### आगामी दो दिवसों में उपार्जन केंद्रों के लिए सभी तहसीलों से प्रस्ताव प्रेषित किए जाएं
### नहरों एवं अन्य जल संरचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में किया जाए दर्ज

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, अभियानों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, जनसुनवाई प्रकरणों, गेहूं उपार्जन की तैयारियों, जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 तथा ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्थाओं की प्रगति का आकलन करते हुए सभी विभागों को समयसीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले क्लस्टर कैंपों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अभियान की पूरी अवधि में वे निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों की प्रगति पर नजर रखें। कलेक्टर ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल समस्याओं से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में नागरिकों को पेयजल की कोई समस्या न हो,




इसके लिए अभी से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हैंडपंप सहित अन्य जल स्त्रोतों के सुधार कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही पेयजल संबंधी समस्याओं की निरंतर निगरानी कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाए, ताकि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने नल-जल योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का वेरिफिकेशन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले जल स्त्रोतों एवं संभावित समस्या वाले स्थानों की विस्तृत समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आमजन की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था भी संबंधित विभागों द्वारा की जाए।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत दर्ज शिकायतों की समीक्षा के दौरान बॉटम में स्थान प्राप्त करने वाले विभागों की कार्यशैली पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ये समस्त विभाग अपनी स्थिति में सुधार लाएं। उन्होंने संस्थागत वित्त, राजस्व, ग्रामीण विकास, सहित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, श्रम विभाग को निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में स्थिति में सुधार न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध क्रायवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने 1000 दिवस एवं 500 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को रैंडम तरीके से जांचते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की गहनता से जांच कर उन्हें शीघ्रता से बंद कराएं। आगामी एक सप्ताह में ऐसी समस्त शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की समय सीमा के सभी मामलों में अधिकारी तत्परता दिखाते हुए उनका निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए सभी अधिकारी समय सीमा अवधि का विशेष ध्यान रखें।

# एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को बचाएगा सर्वाइकल कैंसर से : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राज्य सरकार लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के साथ महिलाओं को बना रही है सशक्त

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी नवरात्रि पर्व एवं गुड़ी पड़वा की दीं मंगलकामनाएं



भोपाल (आरएनएस.) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निश्शुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। राज्य सरकार ने बहनों को रोजगारपरक उद्योगों में काम करने पर 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि अलग से देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में लैंगिग असमानता को खत्म करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। स्थानीय निकायों के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बेटियां सेना से लेकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अशोकनगर जिले में करीला धाम पहुंचकर माता जानकी और उनके पुत्र लव-कुश का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है।

### जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 16 मार्च तक स्थगित, उप मुख्यमंत्री शुक्ल के साथ बैठक के बाद लिया निर्णय



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश में लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर सोमवार को शुरू हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आगामी 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। शाम को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ ही बैठक के बाद जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) ने यह निर्णय लिया।जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने शाम को जारी बयान में इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि बैठक में जूनियर डॉक्टरों की सभी लंबित मांगों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई है। इसके बाद अब हड़ताल को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया है।जूनियर डॉक्टरों की हड़तला सोमवार सुबह 9 बजे शुरू हुई थी और शाम 5 बजे तक चलती रही। इस कारण भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग में पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लिनिक, एएनसी रूम सुमित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित होती रहीं। सीनियर डॉक्टर के साथ जूनियर डॉक्टर यहां की रिस्पांसिबिलिटी संभालते हैं। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर होने के कारण मरीज को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

# भोपाल के वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार कार का कहर

### एक्टिवा, बाइक और कार को मारी टक्कर, महिला घायल; केस दर्ज

भोपाल,(ए.)।भोपाल के वीआईपी रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक एक्टिवा, एक अन्य बाइक




और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार महिला को हल्की चोट आई है। घटना कोहेफिजा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक, महिला ने रिपोर्ट में बताया कि वह रविवार रात करीब 10:30 बजे न्यू मार्केट से अपने घर लौट रही थी। वीआईपी रोड पर कोजा चौराहा और इम्पीरियल सेबर के बीच पीछे से तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पहले एक एक्टिवा और एक अन्य बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद उसी कार ने महिला की कार को दाहिनी ओर से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में महिला के पैर और सिर में हल्की चोट आई, जबकि साथ बैठी उसकी बहन सुरक्षित है।

घटना के बाद कुछ देर के लिए वीआईपी रोड पर जाम की स्थिति भी बन गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। फरियादी की शिकायत पर कार के चालक के खिलाफ कोहेफिजा थाने में मामला दर्ज किया गया है।कोहेफिजा थाना प्रभारी केजी शुक्ला के अनुसार, कार एक युवती चला रही थी। पुलिस ने वाहन को खड़ा करवा लिया है और मामले की जांच की जा रही है। एक्टिवा और बाइक सवारों की ओर से फिलहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी में परिवहन उप निरीक्षक बैच के आधारभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ

### 90 दिवसीय प्रशिक्षण में कानून, तकनीक, फायरिंग और प्रायोगिक दक्षता पर रहेगा विशेष फोकस




भोपाल (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में आज परिवहन उप निरीक्षक बैच के 20 प्रशिक्षु अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश उमेश जोगा तथा मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी के उप निदेशक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुआ।इस अवसर पर परिवहन उप निरीक्षक के लिए आयोजित 90 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को आंतरिक (इनडोर) एवं आउटडोर कक्षाओं के माध्यम से व्यावसायिक दक्षता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही फायरिंग प्रशिक्षण तथा कंप्यूटर आधारित तकनीकी कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी, जिससे प्रशिक्षु अधिकारी आधुनिक पुलिसिंग एवं परिवहन प्रबंधन से संबंधित आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवहन संबंधी कानूनों की गहन समझ और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कानूनी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।

## श्रम विभाग की पहल पर भोपाल में घर-घर तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल

भोपाल (आरएनएस.)। श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के निर्देश पर श्री अवधारणा के अंतर्गत श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार एवं संपूर्ण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों श्रम विभाग द्वारा संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में श्रम विभाग की पहल पर गठित प्रथम श्रमणा सहकारी समिति, भोपाल द्वारा शहर के नागरिकों को आईटीआई प्रशिक्षित, तकनीशियनों के माध्यम से घर-घर में तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं पेशेवर घरेलू तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रशिक्षित श्रमिकों को सम्मानजनक एवं स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा स्वयं का रोजगार प्रारम्भ करने को बढावा देना है।प्रथम श्रमणा श्रमिक सहकारी समिति के माध्यम से वर्तमान में भोपाल में प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई (कारपेंटर) तथा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग तकनीशियन की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने में सभी का सहयोग जरूरी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### सीएसआर मद से निगम को दिलाए 5 ट्रेक्टर-ट्रॉली जिला अस्पताल को मिले विभिन्न उपकरण

भोपाल (ए.)। ग्वालियर शहर को स्वच्छ सुंदर और विकास के मायने में बेहतर बनाने के लिये सरकार के साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को सीएसआर मद से नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को व्यवस्थाओं के लिये उपलब्ध कराए गए संसाधनों के लोकार्पण के अवसर पर यह बात कही। नगर निगम ग्वालियर को एनटीपीसी की ओर से 50 लाख रुपए की राशि के पाँच ट्रेक्टर-ट्रॉली उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही जिला अस्पताल बिरलानगर में व्यवस्थाओं के लिये 60 लाख रुपए की राशि के विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। सरकार के साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेकर ग्वालियर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित ग्वालियर बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। मंत्री श्री तोमर ने सोमवार को मनोरंजनालय क्लब एवं जिला अस्पताल बिरलानगर में आयोजित कार्यक्रमों में सीएसआर मद से उपलब्ध कराए गए विभिन्न उपकरण एवं नगर निगम के लिये उपलब्ध कराए गए पाँच ट्रेक्टर-ट्रॉलियों का लोकार्पण किया।मंत्री



श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर नगर निगम को स्वच्छता के लिये शीघ्र ही डेढ़ करोड़ रुपए की राशि भी पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा सीएसआर मद में उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त राशि से नगर निगम को डोर टू डोर कचरा प्रबंधन गाड़ियों का प्रदाय किया जायेगा। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि ग्वालियर के विकास और ग्वालियर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में हर संभव मदद करें। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कहा कि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा ग्वालियर के विकास एवं स्वच्छता अभियान में निरंतर सहयोग किया जा रहा है।

## विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को कांजी हाउस भेजा

### – हाका पार्टी ने 20 पशुओं को सड़कों से हटाया तथा 20 पशुओं को गौशाला भेजा

भोपाल(ए.)। नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 25 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा व हाका पार्टी ने 20 पशुओं को सड़कों से हटाया तथा 20 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शहर के अरेरा हिल्स, मंत्रालय, कमला पार्क, स्मार्ट रोड, प्रेमपुरा रोड, सूरज नगर, नीलबड़, 13 शटर रोड, रतनपुर सड़क, प्रियंका नगर, 210 क्वाट्र्स, रोशनपुरा चैराहा, माता मंदिर, लिंक रोड नंबर 03, बिट्टन मार्केट, शाहपुरा ए-सेक्टर, गुलमोहर, चूना भट्टी, कोलार रोड, करोंद, भानपुर, अयोध्या नगर, लहारपुर, बाग मुगालिया आदि क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 25 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की। निगम की हाका पार्टी के दल ने भी विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 20 पशुओं को हांककर सड़कों से हटाया तथा 20 पशुओं को खजूरी कांजी हाउस से श्री हरिकृष्णा गोपाल गौशाला भेजने की कार्यवाही की।

# दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग को सौंपे सबूत, आयोग से जांच और कार्रवाई की मांग

### नरेला में 6-7 सदस्यों वाले घर में 30 वोटर

भोपाल (ए) ।विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची को लेकर विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मध्यप्रदेश निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और भोपाल की नरेला विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित गड़बडियों के दस्तावेज चुनाव आयोग को सौंपे।

दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि नरेला क्षेत्र के कुछ मकानों के पते पर असामान्य रूप से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम दर्ज किए गए हैं। उन्होंने तीन मकान मालिकों के शपथपत्र आयोग को सौंपते हुए बताया कि जिन घरों में वास्तविक रूप से 6 से 8 लोग रहते हैं, वहां मतदाता सूची में 30 से 40 तक नाम दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि SIR प्रक्रिया के दौरान कई फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

-तीन मकानों के उदाहरण दिए




दिग्विजय सिंह ने जिन मामलों का हवाला दिया, उनमें रतन कॉलोनी, करोंद क्षेत्र के तीन मकान शामिल हैं। मकान नंबर 21 के मालिक हमीर सिंह यादव के अनुसार उनके घर में 6 कमरे हैं और परिवार के सिर्फ 4 सदस्य मतदाता हैं, जबकि मतदाता सूची में करीब 40 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान नंबर 10 के मालिक कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके घर में करीब 8 मतदाता रहते हैं, लेकिन सूची में 36 नाम दर्ज हैं। मकान नंबर 2 के मालिक पोखन लाल साहू के अनुसार उनके घर में 7 मतदाता हैं, जबकि सूची में 37 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान मालिकों ने शपथपत्र में यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम उनके पते पर दर्ज हैं, वे वहां कभी नहीं रहे और उन्हें उन व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### बिना सत्यापन के जोड़े गए नाम

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित बीएलओ ने घर पर आकर सही तरीके से सत्यापन नहीं किया, जिसके कारण बड़ी संख्या में फर्जी नाम मतदाता सूची में शामिल हो गए। दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग से पूरे मामले की जांच कर फर्जी नामों को हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आयोग ने शिकायत और दस्तावेज स्वीकार करते हुए मामले की जांच का आश्वासन दिया है। इस दौरान उनके साथ शिकायतकर्ता रतन कुमार गुप्ता, पोखन लाल साहू और देव नारायण विश्वकर्मा सहित कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे।

### भोपाल में 12वीं की छात्रा की संदिग्ध मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप, पहले प्रेग्नेंट फिर ट्यूमर बताया

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 12वीं कक्षा की एक 17 वर्षीय छात्रा की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थी और उसका इलाज चल रहा था। इस मामले में परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि डॉक्टरों ने पहले छात्रा को गर्भवती बताया, लेकिन बाद में उसके पेट में ट्यूमर होने की बात कही। इस विरोधाभासी जानकारी के कारण किशोरी गहरे मानसिक तनाव में चली गई थी। परिजनों के अनुसार छात्रा एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। 2 मार्च को परीक्षा देकर घर लौटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा। परिवार का आरोप है कि यहां डॉक्टरों ने शुरुआती जांच के बाद उसे करीब दो माह की गर्भवती बताया। हालांकि सोनोग्राफी में स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर छात्रा को आगे जांच के लिए सुल्तानिया अस्पताल भेजा गया। वहां स्त्री रोग विशेषज्ञों ने जांच के बाद बताया कि छात्रा के पेट में ट्यूमर है।

## एम्स भोपाल में बच्चों के लिए स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित




भोपाल(ए.)। एक राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य उसके स्वस्थ नागरिकों पर निर्भर करता है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ भावी पीढ़ी ही देश की संस्कृति और विकास को आगे बढ़ा सकती है। इसी सोच के साथ एम्स भोपाल जनसामान्य के लिए स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में, कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में एम्स भोपाल के आयुष विभाग की आयुर्वेद ओपीडी में बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के प्रति सजग होते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस बार आयोजित कार्यक्रम में कुल 108 बच्चों ने सहभागिता की, जिनमें 65 बच्चे पूर्व से पंजीकृत थे, जबकि 43 नए बच्चों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर 1 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. रंजना पांडे ने अभिभावकों को स्वर्ण प्राशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के प्रति जागरूक किया।उल्लेखनीय है कि आयुष विभाग में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2022 में पुष्य नक्षत्र के दिन की गई थी। पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर यह कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, ताकि बच्चों को आयुर्वेदिक पद्धति के माध्यम से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

# भोपाल के 30 इलाकों में आज बिलजी कटौती




भोपाल (आरएनएस.)। बिजली मेंटेनेंस कार्य के चलते भोपाल के करीब 30 इलाकों में मंगलवार को 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें दानिशकुंज, गोविंदपुरा, बीडीए कॉलोनी, ओम नगर, विट्ठन मार्केट समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े।

### – इन इलाकों में पड़ेगा असर

सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जेल हिल्स एवं आसपास।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक दानिशकुंज-2, 3 और 4, सिद्धी समृद्धि हाइट्स एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निजामउद्दीन कॉलोनी, सागर स्टेट, सुख सागर कॉलोनी, सचितानंद नगर, रीगल स्टेट, सागर बंगलो, बीडीए, गोविंदपुरा, बंजारा बस्ती एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आसाराम चौराहा, गांधी नगर, अर्जुन वार्ड, प्रताप वार्ड, धाकड़ चौराहा, ब्लेयर कॉलोनी फेस-1-2, लेक पर्ल स्प्रिंग एवं आसपास। सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक विट्ठन मार्केट, ई-5, अपेक्स बैंक कॉलोनी एवं आसपास।

दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक भीम नगर, ओम नगर, वल्लभ नगर एवं आसपास।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## ट्रंप के मूड की तलवार

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है।अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते-फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे।इस बीच अलग-अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनानाः किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास

**जगत प्रकाश नड्डा**

जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।

वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं।

पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।




योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।

कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।

तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।

'विकसित भारत @ 2047 दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंच और सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं।

# इसराइल और अमेरिका की निंदा

**अजय दीक्षित**

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता के देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जैसे पूरी दुनिया, विशेषकर मध्य पूर्व एशिया को युद्ध की आग में झोंककर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसराइल ने 28 फरवरी को अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में मिसाइलों, बम वर्षक विमानों से एक साथ हमला कर ईरान के सुप्रीम कमांडर अली खुमेनई सहित, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,43 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। विगत तीन दिन से इसराइल और ईरान में घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर ईरान ने दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन, आबुधाबी में स्थित अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर दिया।

दुनियां भर में इसराइल और अमेरिका के इस कृत्य की निंदा हो रही है। यहां तक कि पाकिस्तान और भारत में भी कई शहरों लोगों ने विरोध जताया है। हालांकि भारत आधिकारिक तौर पर विश्व शांति की अपील की है।

इस घटनाक्रम का विश्व बाजार पर गहरा असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेगी क्योंकि पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार ईरान पर है और भारत अपनी जरूरत का तीस फीसदी तेल ईरान से खरीदता है।ईरान ने मिसाइलों से दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन आबुधाबी,के तेल संयंत्रों को बर्बाद कर दिया है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1000 पॉइंट नीचे गिर गया।

दरअसल जब से 2025 से दूसरी बार यू एस प्रेसिडेंट बने हैं डोनाल्ड ट्रंप तब उनके फैसलों में आग निकल रही है। पहले उन्होंने टैरिफ बार खेला और भारत , चाइना को इस जाल में फंसा कर अपनी बात मनवाई।इस वर्ष उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर अमेरिकी जेल में डाल दिया और वेनेजुएला पर कब्जा कर लिया।

ईरान पर आठ माह पूर्व उसके परमाणु हथियारों के ठिकानों पर हमला किया। बस रूस ही ऐसा देश है जो अमेरिकी दबाब में नहीं आ रहा है और वह भी यूक्रेन को हड़प रहा है।



कुल मिलाकर स्थिति यह है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस।

इतना नहीं नाटो देश भी अब अमेरिका के साथ है। जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड ने अपनी सेना युद्ध में उतारने का मन बना लिया है। डॉनल्ड ट्रंप से पहले के यू एस प्रेसिडेंट चाहे वह बराक ओबामा रहे हो या जोए बाइडन, यहां तक कि जॉर्ज बुश,सीनियर,जूनियर, विश्व राजनीतिक दखल तो रखते हुए सौम्यता बनाए रखते थे।हालांकि 50 वर्षों में मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका ने सऊदी अरब, कुवैत, यमन, दोहा जद्दा, बहरीन, आबुधाबी को अपने रखा कवच में रखा है और वहां पर अमेरिका के सैनिक अड्डे, हवाई जहाज है।लेकिन इसराइल को उन्होंने विशेष रूप से सृजित किया है। इसराइल के पास आज ईरान,इराक,जैसे बड़े से अधिक सैन्य क्षमता है। यह सब अमेरिका का किया धारा है।ईरान भी कट्टर मुस्लिम शिया देश है जबकि साउथ एशिया में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी,सभी सुन्नी मुस्लिम देश है।ईरान को केवल लेबनान, बेरुत से सहयोग मिलता है।इसी लिए उसने हिज्बुल्लाह,हमास, अलकायदा, तालिबान, मिलेशिया को पनपा रखा है। ईरान का इतिहास भी कम रक्त रंजित नहीं है।यहां भी 1979 से पहले राजा पहलवी की किंग डम थी लेकिन अयातुल्ला खोमानी नामक कट्टर पंथी ने इस्लामिक क्रांति कर दी और ईरान का खुला पन जाता रहा है महिलाओं पर बेहद कड़े कानून लागू हुए ।1989 में अयातुल्ला खोमानी की निधन के बाद से 37 वर्ष से अली खुमेनई का शासन है। ईरान इसराइल से निपटने के लिए परमाणु हथियारों को हासिल करना चाहता था उसने 90 फीसदी तक यूरेनियम का परिशोधन कर लिया था।

लेकिन अमेरिका ने अगस्त 2025 में उनका परमाणु हथियार बनाने वाला स्थान पर बमबारी की । दरअसल सऊदी अरब कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी, सभी चाहते हैं कि ईरान मध्य पूर्व में मुस्लिम देशों का नेता बनना चाहता है।ईरान के पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार है जो वेनेजुएला के बाद दूसरे स्थान पर है।डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को दबाने की मोहिम तो अपने पहले कार्यकाल से चला रखी है लेकिन 2021 के चुनाव में वे जोए बाइडन से हार गए थे। लेकिन इस बार उन्होंने इसराइल से मिल कर ईरान पर कब्जा तो नहीं अपना उल्लू बैठाने का फैसला कर दिया था। और अमेरिका में रह रहे पहलवी बांसाज़ को सत्ता सौंपेगे।इसी लिए अमेरिका ने सबसे पहले अली खुमेनई को निपटाया है। सूत्र बताते हैं कि यह युद्ध अभी रुकने वाला नहीं है।लगे हाथ इजरायल ने भी गाजा पट्टी पलस्तीन खाली कराली है। पलस्तीनियों को अफ्रीकी देश में बसाने की मुहिम चल रही है।अन्य मुस्लिम देश पाकिस्तान अफगानिस्तान में उलझ गया है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहेगा। शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत लोग आने वाले कल की आर्थिक योजनाएं बनाने में व्यस्त रहेंगे। आज आपको कारोबार में दोगुना मुनाफा होने के योग है। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में रहेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों से प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे, आपकी बातों से कुछ लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ डिनर पर जायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े है उनके लिए आज का दिन यादगार साबित होगा और कार्यों की प्रशंसा होगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ होने की संभावना है। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करेंगे। खेल कूद से जुड़े लोग अच्छी प्रदर्शन के लिए कुछ नई ट्रिक्स आजमाएंगे। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज बढ़िया मुनाफा हो सकता है। पूर्व में किये गये कार्यों का आज बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है व्यर्थ में समय ना गवाएं।

सिंह राशि: आज आपके लिए यादगार रहेगा। आज असंभव सा लगने वाला कार्य आसानी से पूर्ण हो जायेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको बड़ा गिफ्ट देंगे जिससे मन अति प्रसन्न होगा। तकनीकी के क्षेत्र में कार्यरत लोग आगे भविष्य सम्बन्धी योजनाएं बनायेंगे जो आपके लिए फायदेमंद रहेगी साथ ही नई तकनीकि को सीखने का भी प्रयास करेंगे।

कन्या राशि:आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होगा। पैसे का लेन ङ्कदेन बढ़ने की संभावना है।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे आज आपकी मेहनत रंग लाएगी आज व्यवसाय में बढ़िया लाभ होने की सम्भावना है। क़ानूनी क्षेत्र से जुड़े आज किसी महत्ववपूर्ण केस की तैयारी में व्यस्त रहेंगे। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको अपनी मेहनत का सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। आज किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आज कुछ समय निकाल कर बच्चों की समस्याएं जरूर सुने और समाधान भी अवश्य निकालें। आपकी सकारात्मक सोच से आपके आसपास के लोग प्रेरित होंगे और आपसे सलाह लेने आयेंगे। दुकानदारों को आज अच्छी आमदनी होगी।

धनु राशि: आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों को आज अपने टाइम टेबल में बदलाव करने की जरूरत है अलास्य का त्याग करें सफलता अवश्य मिलेगी। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपकी मनपसंद कंपनी से आपको इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज अत्यधिक समय परिवार के साथ बिताएंगे साथ ही घर में विशेष अनुष्ठान करवाने की योजना भी बनायेंगे। आज आपके लिए किसी भी मामले में निर्णय लेने में थोड़ी मुश्किल होगी साथ ही पिता जी की सलाह फायदेमंद साबित होगी।

कुंभ राशि:आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव वाला रहेगा। घर पर अचानक ख़ास रिश्तेदार आ सकता है, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वाद-विवाद से बचने की जरूरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

मीन राशि:आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कुछ नई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। आज आपके बॉस आपके घर डिन्नर पर आ सकते है।

# (विचार-मंथन) अमेरिका बताए वह क्या करना चाहता है? पुतिन

**- सनत जैन /**

***रूस के राष्ट्रपति वलादिमीर पुतिन के हालिया बयान ने अंतर्राष्ट्रीय जगत की राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। पुतिन के इस बयान से अमेरिका की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। पुतिन ने स्पष्ट शब्दों में कहा, रूस वर्तमान स्थिति मे जो संघर्ष दुनिया के कई देशों के बीच में चल रहे हैं, उसमें वह तटस्थ नहीं है। इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर जो हमला किया गया है उसमें रूस ईरान के साथ खड़ा है।***



यह बयान ऐसे समय पर आया है। जब अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ रहा है। सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। पुतिन का यह रुख मात्र एक बयान नहीं है बल्कि इसे पश्चिमी देशों की नीतियों एवं दादागिरी पर सीधी चुनौती के रूप में माना जा रहा है। रूस का आरोप है, अमेरिका और उसके सहयोगी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर मनमानी कर रहे हैं। इसी संदर्भ में पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों जिसमे अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन (पी5) देशों की बैठक बुलाने का प्रस्ताव दिया है। पुतिन का कहना है, दुनिया की महाशक्तियों को यह तय करना होगा, अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था कानून के शासन (रुल ऑफ लॉ) से चलेगी या फिर ताकत के आधार पर एक देश दूसरे देशों के साथ व्यवहार करेंगे। रूस का कहना है, आज की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय कानून केवल कागजों तक सीमित रह गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की कोई भूमिका देखने को नहीं मिल रही है। पुतिन ने चेतावनी देते हुए कहा, वास्तविकता में शक्तिशाली देश अपने हितों के अनुसार निर्णय लेते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कानूनो का पालन नहीं हो रहा है। यदि यही स्थिति जारी रही तो, अन्य देश भी उसी रास्ते पर चलने के लिए मजबूर होंगे। जिसके कारण सारी दुनिया एक बार फिर संघर्ष की स्थिति में जाकर खड़ी हो जाएगी। इससे वैश्विक व्यवस्था को नियंत्रित कर पाना असंभव होगा। पुतिन के इस बयान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है, रूस ने सीधे तौर पर ईरान के प्रति अपना खुला समर्थन जताया है। पश्चिमी देशों के द्वारा जिस तरह से मनमाने तरीके से कार्यवाही की जा रही है, उसको पूरी तरह से अस्वीकार करते हुए चेतावनी दी है। पश्चिमी और कुछ अरब देशों द्वारा ईरान को इस संघर्ष का मुख्य जिम्मेदार बताया जा रहा है। पुतिन ने इसके लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहरा दिया है। रूस का कहना है, ईरान केवल हमलों का जवाब दे रहा है। अमेरिका और इजरायल ने उस पर जो हमला किया था ईरान को अपना बचाव करने का पूरा अधिकार है। जबकि पश्चिम के देश इसे ईरान की आक्रामक कार्रवाई के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी देश मानते हैं, ईरान की गतिविधियां क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हैं। यही कारण है, मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय शांति व्यवस्था एवं राजनीति पर पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए पुतिन का यह प्रस्ताव कि पी5 के देश मिलकर वर्तमान स्थिति में एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट करें। रूस के राष्ट्रपति के इस बयान को अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा सकता है। विश्व की प्रमुख शक्तियां इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा करती हैं। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया के देशों में एक बेहतर संदेश और एकजुटता बनाने में मदद मिलेगी। जो अंतर्राष्ट्रीय कानून बने हुए हैं, उनका पालन यदि कोई देश नहीं कर रहा है तो ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की बाध्यता वैश्विक स्तर पर तैयार की जानी चाहिए। ताकि वैश्विक व्यवस्था का विश्वास एवं सुरक्षा को पुनः बहाल किया जा सके। यह समय की मांग है। महाशक्तियों का यह दायित्व है कि वह दुनिया के देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूत कर सारी दुनिया में शांति बनाए रखना चाहती हैं या नहीं। पुतिन की यह चिंता जायज है। अमेरिका जैसे देश दादागिरी करके एक बार फिर जंगल राज की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय नियमों और कानूनो का पालन नहीं हो रहा है। शक्ति संतुलन के आधार पर जिस तरह से दुनिया के देशों को मनमर्जी से हांका जा रहा है, उसके कारण एक बार फिर दादागिरी की नई विश्व व्यवस्था बन रही है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध वाले एक बार फिर हालात पैदा हो सकते हैं। अमेरिका और अन्य प्रमुख महाशक्तियों को विश्व के सभी देशों को स्पष्ट उत्तर देना ही होगा। वर्तमान स्थिति में जिस तरह के हालात बने हुए हैं सारी दुनिया के देश युद्ध की आशंका से जूझ रहे हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी के हालात बनने लगे हैं सारी दुनिया के देशों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ना तय है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया के देश आपस में जिस तरह से व्यापार और व्यवसाय कर रहे थे आर्थिक विकास हो रहा था अब वह सब एक ही झटके में खत्म होने की स्थिति बन रही है। रूस के राष्ट्रपति ने महाशक्तियों को चेतावनी देते हुए जो कहा है उस पर तुरंत अमल हो इसके लिए सभी पांचो महाशक्तियों को आगे आकर निर्णय करना चाहिए। किसी भी महाशक्ति को गैंगस्टर बनकर मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती है।



# मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी ने दिखाए तेवर, कुछ राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

## पिलानी-बाड़मेर में पारा 40 के पार, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में हो सकती है बारिश

नई दिल्ली,(ए)। मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी अपना असर दिखने लगी है। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और हिमाचल में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के अकोला और राजस्थान के पिलानी-बाड़मेर में पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया है। विभाग ने जम्मू-कश्मीर, झारखंड, ओडिशा, बंगाल, बिहार, सिक्किम, केरल और आंध्र प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी का कहना है कि एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बारिश करवाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश के रतलाम का तापमान 38.6 डिग्री रहा। नई दिल्ली में भी दिन का टेंपरेचर 35.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। कश्मीर में तापमान 9.4 से 10.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। 10-12 मार्च तक कुपवाड़ा, बांदीपोरा, गंदेरबल और अनंतनाग के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक इन दिनों राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आ रही हैं, जिसका असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है।

हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। इससे आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा।10 मार्च को नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में और केरल और आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। 11 मार्च को केरल और आंध्र प्रदेश में भी कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।



## पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा का बढ़ा मान, अपनी ही मातृ संस्था IIT धनबाद ने 'डायरेक्टर अवॉर्ड' से किया सम्मानित

चंडीगढ़(आरएनएस)। पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा के सम्मान में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्हें समाज की सेवा के लिए प्रतिष्ठित डायरेक्टर अवॉर्ड फॉर सर्विस टू सोसायटी से सम्मानित किया गया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान मुख्य सचिव को उनकी मातृ संस्था आईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा प्रदान किया गया है, जहां से उन्होंने वर्ष 1989 बैच में माइनिंग इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की थी।

केएपी सिन्हा को यह पुरस्कार जनसेवा और समाज के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों की सेवा के साथ-साथ सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनके नेतृत्व गुण स्पष्ट रूप से सामने आते हैं और वे दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बने।

## केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब सरकार के बजट पर सवाल उठाए, कहा , महिलाओं को 5 साल तक 60,000 रुपए मिलने चाहिए

लुधियाना(आरएनएस)। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आज लुधियाना में जिला BJP ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पंजाब सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये देने की घोषणा पर सवाल उठाए।

बिट्टू ने आरोप लगाया कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी दौर में महिलाओं को 1,000 रुपये देने की जो घोषणा की है, वह असल में एक धोखा है। उन्होंने सरकार से पूरे पांच साल तक महिलाओं को 60,000 रुपये देने की मांग की। बिट्टू ने बजट में की गई दूसरी घोषणाओं पर भी सवाल उठाए और राज्य की आर्थिक हालत पर चिंता जताई।लुधियाना के सांसद और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर टिप्पणी करते हुए बिट्टू ने कहा कि लोग उन्हें अपने घरों में नहीं बुलाना चाहते। उन्होंने पूछा कि पिछले कुछ सालों में राज्य में कितना विकास कार्य हुआ है। बिट्टू ने दावा किया कि 14 मार्च को मोगा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली 2027 के विधानसभा चुनावों की नींव रखेगी। पंजाब के लोग डबल इंजन सरकार चाहते हैं। उन्होंने राज्य में स्कूलों की हालत पर भी सवाल उठाए।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पलटी बीएमडब्ल्यू, शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी का निधन

अलवर/जयपुर (आरएनएस)। जयपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और शकुन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) वल्लभ माहेश्वरी (62) का एक भीषण सड़क हादसे में निधन हो गया। यह दुर्घटना अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शाम करीब 4 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, वल्लभ माहेश्वरी अपनी BMW कार से जयपुर से गिरिराज जी (मथुरा) के दर्शन के लिए जा रहे थे। एक्सप्रेस-वे के चेनेज 136.8 के पास उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार सुरक्षा बैरिकेड्स और सीमेंट के ब्लॉक्स को तोड़ते हुए डिवाइडर (मीडियन) में जा घुसी और एक पुलिया की दीवार से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस ने रेस्क्यू कर माहेश्वरी और उनके ड्राइवर को नजदीकी पिनान अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से उन्हें अलवर के हरीश हॉस्पिटल रेफर किया गया।

## विश्व विजेता टीम इंडिया पर बधाइयों की बौछार : सचिन, कोहली और दिग्गजों ने जीत को बताया ऐतिहासिक, मुख्यमंत्रियों ने जताया गर्व

नई दिल्ली/अहमदाबाद ,(आरएनएस)। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त देकर तीसरी बार चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। खेल जगत से लेकर राजनीति तक, हर कोई टीम इंडिया के इस अजेय प्रदर्शन और बैक-टू-बैक खिताब जीतने के जज्बे को सलाम कर रहा है। दिग्गजों ने सराहा क्रिकेट का विशेष ब्रांड क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि लगातार दो बार विश्व कप जीतना एक असाधारण उपलब्धि है और यह टीम ट्रॉफी की असली हकदार है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इसे अभूतपूर्व जीत करार देते हुए खिलाड़ियों के जुझारू चरित्र की प्रशंसा की। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और संजू सैमसन, ईशान किशन व अभिषेक शर्मा की तिकड़ी के प्रदर्शन को जीत का आधार बताया। वहीं, वीरेंद्र सहवाग ने अपने चिर-परिचित अंदाज में लिखा कि हमारे लड़कों ने फाइनल का दबाव महसूस ही नहीं किया और इसे गली मैच की तरह खेलकर जीत लिया।

## 3 दिन से अंदर से बंद था घर, पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो छत पर बिछी मिली लाश.. पिता की हालत भी नाजुक

बलिया (आरएनएस)। बलिया जिले के सहतवार कस्बे से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां वार्ड नंबर-8 स्थित एक मकान में 35 वर्षीय युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि उसके 61 वर्षीय बुजुर्ग पिता गंभीर रूप से अचेत अवस्था में पाए गए। इस खौफनाक घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है और लोग दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिनों से इस मकान के अंदर से कोई हलचल नहीं हो रही थी और मुख्य दरवाजा भी अंदर से बंद था।जब तीन दिन तक घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को किसी अनहोनी की गहरी आशंका हुई। उन्होंने बिना देरी किए शहर में रह रहे मकान मालिक के अन्य परिजनों को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और हालात की गंभीरता को भांपते हुए सहतवार पुलिस को मौके पर बुला लिया




सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घर का मुख्य दरवाजा अंदर से लॉक होने के कारण पुलिस को भारी मशक्कत के बाद उसे तोड़कर भीतर दाखिल होना पड़ा। घर की तलाशी लेते हुए जब पुलिस छत पर पहुंची, तो वहां का नजारा बेहद खौफनाक था। छत पर 35 वर्षीय सोनू और उसके 61 वर्षीय पिता अशोक दोनों बेसुध पड़े हुए थे। पुलिस ने बिना एक पल गंवाए दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद सोनू को मृत घोषित कर दिया।

## नारी सुरक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध, महिला अत्याचारों में 10 प्रतिशत की कमी : भजनलाल शर्मा

हनुमानगढ़ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की वह धुरी हैं, जिनके सशक्त होने से ही समाज प्रगति और देश विकास करता है। उन्होंने महिला अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के प्रति जागरूकता का आह्वान करते हुए आधी आबादी की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया। शर्मा रविवार को हनुमानगढ़ के धान मंडी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं, पीवी सिंधु, स्मृति मंधाना, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत कौर, मनु भाकर, अवनी लेखरा ने विश्वभर में खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर किया नीतियों का निर्माण



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर नीतियों का निर्माण किया है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण करवाया है। उज्ज्वला योजना में 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं के नाम या संयुक्त नाम पर होने से तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से महिला उत्थान और सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

प्रदेश में बनी 16 लाख से अधिक लखपति दीदी

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आधी आबादी के सशक्तीकरण और उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य में 16 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई है। वहीं, 1 लाख 39 हजार स्वयं सहायता समूहों को 679 करोड़ रुपये की आजीविका सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत 19 लाख से अधिक महिला पेंशनरों को 6 हजार 876 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 27 हजार से अधिक कन्याओं के विवाह के लिए लगभग 101 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

6 लाख से अधिक बालिकाएं लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में लाडो प्रोत्साहन योजना बड़ी भूमिका निभा रही है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी (बाएं) नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दौरान पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ।

## पंजाब में हथियार सप्लाई मॉड्यूल का भंडाफोड़, एक नाबालिग समेत दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कपूरथला पुलिस की कार्रवाई में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से पांच देसी पिस्तौल (7.65 एमएम) भी बरामद की हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है, जिससे इस मामले से जुड़े अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया सूचना मिलने के बाद विशेष ऑपरेशन के तहत की गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इनका संपर्क फिलीपींस और यूएई में बैठे कुछ संदिग्ध लोगों से था, जो इस पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे थे।जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों ने अवैध हथियार मध्य प्रदेश से खरीदे थे। इसके बाद इन हथियारों को पंजाब में सक्रिय आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई थी। बरामद पिस्तौलों का इस्तेमाल इलाके में फायरिंग, धमकी देने और जबरन वसूली जैसी आपराधिक गतिविधियों के लिए किया जाना था।पंजाब पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, यह नेटवर्क काफी संगठित तरीके से काम कर रहा था और इसके तार देश के बाहर बैठे लोगों से जुड़े हुए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मॉड्यूल से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

# पंजाब सरकार ने लोगों से किए सभी चुनावी वादे पूरे किए : सीएम मान

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज घोषणा की कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अपना सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा कर दिया है, जिसके तहत पूरे पंजाब की महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये मिलेंगे, जबकि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित महिलाओं को 1,500 रुपये मिलेंगे। इसके लिए बजट में 9,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसे महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आप' सरकार का 'सारी गारंटियां पूरी' बजट चुनावी वादों को पूरा करने के प्रति आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही बजट में राज्य भर की महिलाओं को सशक्त बनाने और हर पंजाबी परिवार को समर्थन देने के लिए मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त बिजली और नकद रहित स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मीडिया से बातचीत में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब की माताओं, बेटियों और बहनों को बधाई देते हुए प्रार्थना की कि वे हमेशा हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां लिखती रहें। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की भलाई को केंद्र में रखकर यह बजट पेश किया गया है, जो 'आप' सरकार द्वारा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के मुख्य वादे को पूरा करता है। बजट को लोक-केंद्रित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों को कल्याणकारी उपायों और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से निरंतर सहायता मिलती रहे।



उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने लोगों से किया सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा किया है और राज्य की महिलाओं को अब 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' के तहत प्रतिमाह 1,000 रुपये मिलेंगे, जबकि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि महिलाओं को इस योजना के तहत आसानी से रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य भर में विशेष कैंप लगाए जाएंगे।पंजाब के मुख्यमंत्री ने साझा किया कि इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया इस बैसाखी से शुरू होगी और इसे युद्ध स्तर पर लागू किया जाएगा ताकि सभी योग्य लाभार्थियों को जल्द से जल्द कवर किया जा सके। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर लड़की और महिला इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने की हकदार होगी, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की अधिकांश महिलाएं इस योजना के दायरे में आएं।बजट को एक मील का पत्थर करार देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह लोगों की भलाई और राज्य की प्रगति के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाले बजट पेश करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक बजट नहीं है बल्कि राज्य की प्रगति और इसके लोगों की खुशहाली का हलफनामा है।पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि पहले के बजट अक्सर कागजी घोषणाओं तक सीमित रहते थे, जबकि लोगों को वास्तविक अर्थों में इनका कोई खास लाभ नहीं होता था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान पेश किए गए बजट नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ठोस नीतियां लाने की बजाय हमेशा बयानबाजी और काव्यात्मक हवाले तक सीमित रहे।

## सांसद सुखजिंदर रंधावा ने पंजाब बजट पर दी तीखी प्रतिक्रिया, कहा- पंजाब को कर्ज में डूबोने और आर्थिक स्थिति कमजोर करने वाला बजट

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आज राज्य सरकार के पेश किए गए पंजाब बजट 2026-27 को पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने 2.61 लाख करोड़ रुपए के बजट को पूरी तरह से दिशाहीन, जनविरोधी और केवल आंकड़ों का खेल बताया। उन्होंने कहा कि दिखावटी बजट में आंकड़े तो बढ़े, लेकिन हकीकत सिकुड़ हुई है। चुनावी साल में पेश किए बजट में सिर्फ बड़े-बड़े दावे ही किए गए हैं। जमीनी स्तर पर लागू होने वाली कोई स्पष्ट नीति दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के मौके पर बजट में सरकार ने बड़ी ठगी की है। उन्हें 1000 और 1500 रुपए के हिसाब से पांच सालों का पूरा पैसा दिया जाना चाहिए।

रंधावा ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस बजट में किसानों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया और न ही युवाओं, कर्मचारियों तथा व्यापारियों के लिए कोई ठोस योजना पेश की है। पंजाब की जनता को इस बजट से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने एक बार फिर लोगों को निराश किया है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर सरकार बताए इस बजट से आम आदमी को क्या फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब पहले ही भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है, लेकिन सरकार ने कर्ज कम करने या राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस रोडमैप पेश नहीं किया। इसके उलट सरकार लगातार नए कर्ज लेकर राज्य की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही है। सरकार को चाहिए था कि वह वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने और खर्चों को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति पेश करती, लेकिन बजट में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता।रंधावा ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं, लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई। किसानों की कर्ज माफी, फसल विविधीकरण और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बजट में बड़े स्तर की घोषणा होनी चाहिए थी। लेकिन सरकार केवल घोषणाओं और वादों तक सीमित रह गई है। सरकार किसानों के इन मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने नाहन क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाएं की समर्पित

शिमला (आरएनएस)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सिरमौर जिले के नाहन में एक दिवसीय दौरे के दौरान 190 करोड़ रुपये की लागत की वाली 17 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किये।



मुख्यमंत्री ने 152 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने नाहन शहर में 53.40 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट ग्रिड तकनीक का कार्यान्वयन, पांवटा साहिब शहर में 43.66 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट ग्रिड तकनीक का कार्यान्वयन, 16.04 करोड़ रुपये की लागत से भेरों से आदि बद्री सड़क, 12.36 करोड़ रुपये की लागत से कांशिवाला से बिरोजा फैक्ट्री वाया जब्बल का बाग सड़क का शिलान्यास किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 8.42 करोड़ रुपये की लागत से नाहन में मुख्य चिकित्सा कार्यालय, 8.17 करोड़ रुपये की लागत से बर्मा पापरी-पालियों-माजरी सड़क का सुधार एवं उन्नयन, 6.98 करोड़ रुपये की लागत से सैनवाला झमेरिया-ब्रोगरिया-जामनवाला-चरूवाला-कोटला लिंक रोड तथा 3.13 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-07 से भद्रकाली मंदिर होते हुए फॉरेस्ट चेक पोस्ट कोलर बिलासपुर तक सम्पर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री ने 3.03 करोड़ रुपये की लागत से नाहन में नए टेबल टेनिस-कम-स्क्वैश कोर्ट कॉम्प्लेक्स, 3.17 करोड़ रुपये की लागत से धौला कुआं स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवास तथा 4.91 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अकादमिक खंड की दूसरी मंजिल का लोकार्पण किया।

## जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में बनाई पहचान, साउथ ही नहीं बॉलीवुड में भी श्रद्धा दास ने छोड़ी छाप

फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से आकर अभिनय की दुनिया में नाम कमाया है। ऐसी ही एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं श्रद्धा दास, जिन्होंने पत्रकारिता की डिग्री हासिल की, लेकिन किस्मत उन्हें एक्टिंग की ओर ले आई।आज वह साउथ सिनेमा का जाना-माना चेहरा हैं और बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।



1987 को मुंबई के एक बंगाली परिवार में जन्मीं श्रद्धा ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ मास मीडिया (जर्नलिज्म) की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें अभिनय का शौक हो गया। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों जैसे पीयूष मिश्रा और चितरंजन गिरी जैसे एक्टर्स के साथ थिएटर वर्कशॉप की, थिएटर में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

श्रद्धा ने साल 2008 में तेलुगू फिल्म सिद्धु फ्रॉम सिकाकुलम से अभिनय की शुरुआत की, जिसमें वह अभिनेता नरेश के साथ नजर आईं। यह उनका साउथ डेब्यू था। तेलुगू के बाद उन्होंने तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया। साउथ में वह आर्या 2, डार्लिंग, नागावल्ली, और गुंटूर टॉकीज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, कई फिल्मों में उन्हें सीक्वल क्वीन का टैग भी मिला, क्योंकि वह कई सीक्वल में नजर आईं।


श्रद्धा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साउथ और बॉलीवुड दोनों में मजबूत जगह बनाई। मॉडलिंग से शुरुआत करने वाली श्रद्धा ने एक्टिंग ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया। वह चुलबुली, तेज और रोमांटिक रोल्स में बखूबी जंचती हैं। श्रद्धा के बॉलीवुड में काम की बात करें तो उन्होंने डेब्यू साल 2010 में फिल्म लाहौर से किया, जिसमें उन्होंने इदा का किरदार निभाया था। इसके बाद दिल तो बच्चा है जी, लकी कबूतर, सनम तेरी कसम, ग्रेट ग्रैंड मस्ती जैसी फिल्मों में काम किया।सनम तेरी कसम में उनका किरदार दर्शकों को खासा पसंद आया। फिल्म में उनके किरदार का नाम रूबी रहता है। बॉलीवुड में वह सपोर्टिंग रोल्स में ज्यादा नजर आईं, लेकिन अपनी खूबसूरती, तेज-तर्रार अंदाज और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के बीच प्रभाव छोड़ा। श्रद्धा दास अब तक 50 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में हैं।बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही श्रद्धा एक शानदार डांसर भी हैं, जो उनके परफॉर्मेंस को और आकर्षक बनाता है। फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज और टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

## विलाया थंडावम से कार्तिक राजू का दमदार फर्स्ट लुक जारी हुआ

सशक्त कथानक और अपरंपरागत विषयों वाली पटकथाओं को चुनकर, युवा नायक कार्तिक राजू धीरे-धीरे फिल्म उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। इसी शैली को अपनाते हुए, वे अब आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म विलाया थंडावम में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस हाई वोल्टेज थ्रिलर का निर्देशन वी.एस. वासु ने किया है। इस फिल्म में कार्तिक राजू के साथ पार्वती अरुण और पुष्पा फेम जगदीश भी अहम भूमिकाओं में हैं।जीएमआर मूवी मेकर्स की यह पहली फिल्म है, जिसे मंडला धर्म राव और गुम्पु भास्कर राव द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

## सनी देओल की फिल्म 'गबरू' की नई रिलीज डेट आई सामने, अब 8 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता को एंजॉय कर रहे हैं जो 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म के बाद सनी देओल के खाते में कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें शशांक उदापुरकर की फिल्म 'गबरू' भी शामिल है. सनी देओल ने इस फिल्म का ऐलान पिछले साल किया था और साथ ही इसका मोशन पोस्टर भी शेयर किया था जिसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी थी.




पहले 'गबरू' को 13 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है. वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल की अगली थिएटर रिलीज 'गबरू' अब 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म का निर्देशन शशांक उदापुरकर ने किया है जबकि इसे विशाल राणा और ओम छंगानी ने प्रोड्यूस किया है.

'गबरू' में सनी देओल एक मिडिल एज फैमिली मैन के किरदार में नजर आएंगे. कहानी एक ऐसे शख्स की है जिसकी जिंदगी अचानक आए कुछ हालात के बाद बदल जाती है. इन घटनाओं के जरिए वो खुद को दोबारा पहचानता है और जिंदगी को नए नजरिए से जीना सीखता है. ये रोल सनी देओल के अब तक के एक्शन इमेज से काफी अलग बताया जा रहा है. नई रिलीज डेट के साथ 'गबरू' का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा जिसकी उसी दिन यानी 8 मई को रिलीज होने की उम्मीद है. वैरायटी इंडिया ने बताया की एक सूत्र की माने तो 'गबरू' सनी देओल के लिए सिर्फ एक और फिल्म नहीं बल्कि दिल से जुड़ी कहानी है जिसमें हिम्मत, पहचान और जज्बे जैसे मुद्दे दिखाए गए हैं.

## दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा, मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया



फिल्मी दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया।

अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है।मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है। मैंने अपने पापा के इस सपने को जिया है। अनीत ने पंजाबी भाषा में अपने पापा से कहा, अब आपका सपना आपकी बेटी के जरिए पूरा हो गया है।

जब आप कहते थे कि मैं अपना सपना तुम्हारे जरिए जी रहा हूं, तो मुझे एहसास होता था कि मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पापा के सपने को भी साकार कर रही हूं। स्पीच में अनीत पड्डा ने आगे कहा, मैं अपनी जिंदगी में कभी इतनी खुश नहीं हुई हूं। पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और आपकी वजह से ही आज इस मुकाम पर हूं।उन्होंने आगे फिल्मों को लेकर कहा, जब लोग फिल्मों और शोज में किसी कलाकार के अभिनय पर तालियां बजाते हैं, तो वह तालियां सिर्फ उस अभिनेता के लिए नहीं होतीं। असल में यह तालियां उस कहानी के लिए होती हैं जो स्क्रीन पर दिखाई जा रही होती है, और वह कहानी लोगों की जिंदगी और उनके अनुभवों से जुड़ी होती है। मुझे गर्व है कि मैं इन कहानियों और किरदारों का हिस्सा बनकर दर्शकों तक भावनाएं पहुंचा पा रही हूं।

## द केरला स्टोरी 2 ने नौवें दिन किया बॉक्स ऑफिस पर धमाका, कर डाली इतनी कमाई




द केरला स्टोरी 2 रिलीज से पहले से ही खबरों में हैं. फिल्म अपने कंटेंट की वजह से विवादों में रही. फिल्म को एजेंडा फिल्म बताया गया. द केरला स्टोरी को ठीक-ठाक रिव्यू मिले हैं. अब बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के कलेक्शन में ग्रोथ देखने को मिल रही है. आइए डालते हैं द केरला स्टोरी 2 के कलेक्शन पर नजर.

सैकनिल्क के मुताबिक, द केरला स्टोरी 2 ने दूसरे शनिवार को 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के दूसरे शनिवार के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल सामने नहीं आए हैं. लेकिन अगर फिल्म ने नौवें दिन 3.75 करोड़ की कमाई की है. तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 29.40 करोड़ हो गया है.

फिल्म को नौवें दिन 15.13 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. मॉर्निंग शोज में फिल्म को 8.03 परसेंट, दोपहर के शोज में 14.24 परसेंट, शाम के शोज में 14.82 परसेंट और रात के शोज में 23.44 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.

बता दें कि द केरला स्टोरी 2 ने सिर्फ 75 लाख से ओपनिंग की थी. लेकिन दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 520 परसेंट की ग्रोथ दिखी. फिल्म ने 4.65 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन फिल्म ने 4.75 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. पांचवें दिन फिल्म ने 4 करोड़ कमाए. छठे दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ का बिजनेस किया. सातवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया. पहले हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन 22.9 करोड़ रहा. आठवें दिन फिल्म ने 2.75 करोड़ कमाए थे.

इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह ने डायरेक्ट किया है. फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है.

## पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म द ब्लैक गोल्ड से संयुक्ता का फर्स्ट लुक जारी, दुश्मनों से लड़ते बंदूक चलाती आई नजर

संयुक्ता न सिर्फ़ अपने ग्लैमरस लुक्स और ट्रेडिशनल परफ़ॉर्मेंस के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बोल्ड और असरदार रोल्स के लिए भी जानी जाती हैं।

संयुक्ता अभी द ब्लैक गोल्ड नाम की फ़िल्म में काम कर रही हैं। इंटरनेशनल विमेंस डे मनाते हुए, मेकर्स ने संयुक्ता का लुक रिलीज़ किया। उन्होंने पोस्ट किया, निडर। मज़बूत। लगातार। इस महिला दिवस पर, टीम द ब्लैक गोल्ड एक ऐसी महिला का जश्न मनाती है जो हथियारों से ज़्यादा न्याय में विश्वास करती है।

संयुक्ता एक खतरनाक अवतार में अपने दुश्मनों से लड़ते हुए लगातार बंदूक चलाती हुई दिख रही हैं। लेकिन पोस्टर के साथ एक हैरान करने वाला कैप्शन है वह कानून में विश्वास करती है, बंदूक में नहीं इससे मूवी लवर्स के बीच उत्सुकता बढ़ गई। फिल्म को योगेश केएमसी ने डायरेक्ट किया है और इसे रज़ेश डांडा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म गर्मियों में रिलीज़ होने वाली है। सैम सीएस म्यूजिक डायरेक्टर हैं और वसंत फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं।

# ग्रीन टी पीते समय न करें ये 5 गलतियां, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

*ग्रीन टी को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है क्योंकि यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। हालांकि, कई लोग इसे पीते समय कुछ गलतियां कर देते हैं, जिनसे इसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता। कई लोग ग्रीन टी का सही तरीके से सेवन नहीं करते हैं, जिससे उन्हें उससे उतना लाभ नहीं मिल पाता। आइए जानते हैं कि ग्रीन टी का सेवन करते समय किन-किन गलतियों से बचना चाहिए।*



### बहुत गर्म ग्रीन टी पीना

बहुत गर्म ग्रीन टी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपके गले और पेट में जलन हो सकती है। इसके अलावा यह आपके खाने को पचाने की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकता है। ग्रीन टी को हमेशा हल्का गर्म या सामान्य तापमान पर ही पिएं। ऐसा करने से आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसलिए ग्रीन टी को हमेशा सामान्य तापमान पर ही पिएं।

### खाली पेट ग्रीन टी न पिएं

खाली पेट ग्रीन टी पीने से आपके पेट में एसिड बढ़ सकता है, जिससे जलन या गैस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा खाली पेट ग्रीन टी पीने से खाने को पचाने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। हमेशा थोड़ी मात्रा में कुछ खाने के बाद ही ग्रीन टी का सेवन करें। इससे आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### चीनी या दूध मिलाकर पीना

ग्रीन टी में चीनी या दूध मिलाकर पीने से उसके प्राकृतिक गुण कम हो सकते हैं। चीनी मिलाने से कैलोरी बढ़ जाती हैं और दूध मिलाने से उसकी पचने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। ग्रीन टी को बिना किसी मिलावट के ही पीना चाहिए ताकि उसके सभी लाभ मिल सकें। इसके अलावा बिना किसी मिलावट के पीने से आपको इसकी असली मिठास का अनुभव होगा और यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होगा।

### ज्यादा मात्रा में सेवन करना

कुछ लोग यह मानते हैं कि जितनी ज्यादा मात्रा में वे ग्रीन टी का सेवन करेंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा फायदा होगा। यह धारणा गलत है क्योंकि ज्यादा मात्रा में ग्रीन टी पीने से उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए दिन में 2 से 3 कप से ज्यादा ग न पिएं। इससे आपको स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हमेशा संतुलित मात्रा में ही पिएं।

### लंबे समय तक छोड़ देना

कई लोग अपनी ग्रीन टी की पत्तियों को लंबे समय तक छोड़ देते हैं, जिससे उनमें मौजूद पोषक तत्व कम होने लगते हैं।

इसके अलावा ग्रीन टी की पत्तियां खुली छोड़ देने पर उनमें नमी आ जाती है, जिससे उनमें फफूंद लगने लगती है। इसलिए ग्रीन टी की पत्तियों को हमेशा एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके रखना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने से पहले उनकी समाप्ति तिथि जरूर चेक कर लेनी चाहिए।

# हिचकी से परेशान हैं? इन 5 असरदार घरेलू नुस्खों को आजमाएं

हिचकी एक आम समस्या है, जो कभी भी हो सकती है। यह अक्सर अचानक से आती है और कई बार बहुत परेशान करती है। हिचकी आने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि तेज खाना, ठंडा पेय पीना या पेट का फूलना। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप हिचकी को तुरंत रोक सकते हैं और इससे राहत पा सकते हैं।



### नींबू का उपयोग करें

नींबू का खट्टा स्वाद दिमाग को उत्तेजित करता है और हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। एक छोटे से नींबू का रस निकालकर उसे धीरे-धीरे पीएं या फिर नींबू के टुकड़े को चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें सक्रिय हो जाएंगी और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा नींबू का सेवन पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस भी कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है।

### चीनी का सेवन करें

चीनी का मीठा स्वाद भी हिचकी रोकने में मदद कर सकता है। एक चम्मच चीनी को मुंह में डालकर धीरे-धीरे चूसें। इससे आपकी जीभ की नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो सकती है। इसके अलावा चीनी का सेवन ऊर्जा भी देता है और आपकी मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी की समस्या जल्दी खत्म होती है। यह एक सरल और असरदार घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।

### ठंडा पानी पिएं

ठंडा पानी पीने से भी हिचकी जल्दी रुक सकती है। ठंडा पानी पेट को ठंडा करता है और मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है, जिससे हिचकी बंद हो जाती है। इसके अलावा ठंडा पानी पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है। एक गिलास ठंडा पानी धीरे-धीरे पिएं ताकि यह आपकी गले की नसों पर सही तरीके से असर कर सके।

### सेब के सिरके का प्रयोग करें

सेब के सिरके का खट्टा स्वाद भी हिचकी रोकने में काम आ सकता है। एक चम्मच सेब का सिरका एक गिलास पानी में मिलाकर पीने से आपकी जीभ की नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है। इसके अलावा सेब का सिरका पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे पेट की गैस कम होती है और हिचकी से राहत मिलती है। यह एक सरल और असरदार घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।

### ठंडी चीजें गले पर लगाएं

गले पर ठंडी चीजें लगाने से भी हिचकी रोकने में मदद मिलती है। बर्फ का टुकड़ा या ठंडा कपड़ा अपने गले पर हल्के से रगड़ें, इससे नसें उत्तेजित होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से अपनी हिचकियों से राहत पा सकते हैं। अगली बार जब आपको हिचकी आए तो इन नुस्खों को आजमाएं और देखें कि इनमें से कौन सा आपके लिए सबसे असरदार है।

# 'पिता की तरह ही होगा अंजाम', अमेरिका ने ईरान के नए सुप्रीम लीडर को दी चेतावनी

वाशिंगटन(ए.)। अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का सुप्रीम लीडर चुना गया है। अमेरिकी सीनेटरों ने मोजतबा की ईरान के सुप्रीम लीडर के तौर पर नियुक्ति को लेकर जमकर आलोचना की। सीनेटरों का कहना है कि मोजतबा को सुप्रीम लीडर चुना जाना ईरान में वह बदलाव नहीं है, जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे।सीनेटर लिंडसे ग्राहम का कहना है कि ईरान का मारे गए अली खामेनेई के बेटे को उनकी जगह चुनना वह बदलाव नहीं है जिसकी हम उम्मीद कर रहे हैं। दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सीनेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मेरा मानना" है कि यह बस कुछ ही समय की बात है जब उनका भी वही हश्र होगा जो उनके पिता का हुआ था।" ग्राहम लंबे समय से ईरान पर हमले करने की वकालत करते रहे हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को यह भी सलाह दी थी कि ट्रंप को कार्रवाई के लिए कैसे राजी किया जाए।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जब मोजतबा खामेनेई के सुप्रीम लीडर चुने जाने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया। हालांकि,



द टाइम्स ऑफ इजरायल के साथ एक छोटे से टेलीफोन इंटरव्यू में उन्होंने ईरान के खिलाफ हमले रोकने को लेकर बड़ा बयान दिया है।

द टाइम्स ऑफ इजरायल ने जब उनसे पूछा कि ईरान के खिलाफ हमले कब खत्म करेंगे, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह इजरायल के साथ मिलकर तय करेंगे कि ईरान के साथ युद्ध कब खत्म करना है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस फैसले का हिस्सा होंगे, लेकिन आखिरी फैसला वाशिंगटन का होगा। ट्रंप ने इजरायली मीडिया से कहा, "हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात का ध्यान रखा जाएगा।" इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका के हमले रोकने के फैसले के बाद इजरायल युद्ध जारी रख सकता है, तो ट्रंप ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी"सीआईए के पूर्व डायरेक्टर डेविड पेट्रियस ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर के तौर पर मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया से कहा,"हम मानते हैं कि वह अपने पिता की तरह ही रहेंगे, जो बहुत कट्टर विचारधारा वाले मौलवी थे। मुझे नहीं लगता कि वह अयातुल्लाह भी हैं, जब तक कि उन्हें हाल ही में प्रमोट न किया गया हो। कई दशक पहले जब उनके पिता को चुना गया था, तब वह भी इतने मशहूर नहीं थे।इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को चेतावनी दी कि ईरान जिस भी नेता को "इजरायल को खत्म करने" के लिए चुनेगा, वह निश्चित ही हत्या का टारगेट होगा, चाहे उसका नाम कुछ भी हो या वह कहीं भी छिपा हो।

## अबू धाबी का भव्य BAPS हिंदू मंदिर अचानक हुआ बंद, जानें श्रद्धालुओं के लिए क्या है नया आदेश और कब खुलेंगे कपाट?



अबू धाबी (ए.)। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की राजधानी अबू धाबी में स्थित भव्य BAPS हिंदू मंदिर को मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर अस्थायी रूप से बंद करने का बड़ा फैसला लिया गया है। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी घोषणा के अनुसार, यह ऐतिहासिक मंदिर 9 मार्च 2026 तक और अगले आदेश तक आम श्रद्धालुओं व आगंतुकों के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा। इस अचानक लिए गए फैसले के बाद दर्शन की आस में बैठे कई श्रद्धालुओं को फिलहाल इंतजार करना होगा।भले ही मंदिर के कपाट आम जनता के लिए बंद कर दिए गए हैं, लेकिन मंदिर परिसर के भीतर रहने वाले स्वामी और संतों की नियमित प्रार्थना और पूजा-अर्चना पहले की तरह ही जारी रहेगी। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संत समाज देश और दुनिया में शांति, सुरक्षा और मानव कल्याण के लिए निरंतर प्रार्थना करेगा। इसके साथ ही, प्रबंधन की ओर से आम लोगों से खास अपील की गई है कि वे पूरी तरह शांत रहें और किसी भी तरह की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे जहां तक संभव हो अपने घरों में ही सुरक्षित रहें और सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी किए गए आधिकारिक सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें।अबू धाबी का यह बोचनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (BAPS) मंदिर यूएई का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है, जो भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनोखा प्रतीक है। करीब 700 करोड़ रुपये की भारी लागत से 27 एकड़ में फैले इस मंदिर परिसर को पारंपरिक नागर शैली में तैयार किया गया है। मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके निर्माण में लोहे या स्टील का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया गया है। 262 फीट लंबे, 180 फीट चौड़े और 108 फीट ऊंचे इस मुख्य ढांचे को केवल चूना पत्थर, 50 हजार घन फीट इटैलियन संगमरमर और 18 लाख घन फीट भारतीय सैंडस्टोन से इस तरह तराशा गया है कि यह हजारों वर्षों तक सुरक्षित खड़ा रह सके। इस भव्य मंदिर में प्रवेश करते ही भारतीय संस्कृति के दर्शन होते हैं। यहां आठ मूर्तियां सनातन धर्म के आठ मूल्यों का प्रतीक हैं। परिसर में बना एम्फीथिएटर बनारस के घाटों की तर्ज पर बनाया गया है, जहां बहने वाली दो जलधाराएं गंगा और यमुना का प्रतीक हैं, जबकि मंदिर से निकलने वाली प्रकाश की किरण गुप्त सरस्वती नदी यानी त्रिवेणी संगम के भाव को दर्शाती है। दीवारों पर हिंदू धर्म की 250 से अधिक कहानियों के साथ-साथ यूएई की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले घोड़े और ऊंट भी उकेरे गए हैं। यह मंदिर सर्वधर्म समभाव की भी एक अद्भुत मिसाल है, जिसके निर्माण में ईसाई आर्किटेक्ट, सिख प्रोजेक्ट मैनेजर, बौद्ध डिजाइनर, पारसी निर्माण कंपनी और जैन धर्म के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

## हॉलीवुड पॉप सिंगर रिहाना के घर पर फायरिंग, 10 राउंड गोलियां चलाईं; आरोपी महिला गिरफ्तार

लॉस एंजल्स (ए.)। हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर Rihanna के घर पर रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब उनके बेवर्ली हिल्स स्थित बंगले के बाहर अज्ञात महिला ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस सूत्रों के



अनुसार हमलावर ने घर के बाहर से करीब '10 राउंड गोलियां चलाईं', जिनकी आवाज से पूरा इलाका दहल उठा।बताया जा रहा है कि एक गोली बंगले की दीवार को चीरते हुए अंदर तक पहुंच गई। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले में 30 वर्षीय एक संदिग्ध महिला को हिरासत में ले लिया है।Los Angeles Police Department के मुताबिक रविवार दोपहर करीब '1:21 बजे' फायरिंग की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के समय रिहाना अपने घर के अंदर ही मौजूद थीं, जिससे उनके प्रशंसकों में चिंता और हैरानी दोनों देखी जा रही है।

पुलिस के अनुसार हमलावर महिला अपनी कार में बैठी हुई थी और वहीं से उसने घर की ओर लगातार कई राउंड गोलियां चलाईं। पुलिस सार्जेंट 'जोनाथन डी वेरा' ने बताया कि घर के गेट के सामने खड़ी एक कार से फायरिंग की गई थी, लेकिन गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला 'सफेद टेस्ला कार' में सवार होकर साउथ कोल्डवॉटर कैन्यन ड्राइव की ओर फरार हो गई।

# ईरान-इजरायल संघर्ष लंबा खिंचा तो दुबई में पड़ जाएंगे खाने-पीने के लाले

### -होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से शिपिंग प्रभावित, सरकार का दावा इंतजाम हैं पुख्ता



रियाद,(ए.)। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान तथा इजरायल के बीच जारी संघर्ष का असर अब खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। खासतौर पर दुबई में खाद्य आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। रिपोर्टों के अनुसार, शहर में ताजा फल और सब्जियों का भंडार सीमित रह गया है और यदि समुद्री व्यापार जल्द सामान्य नहीं हुआ तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि दुबई के पास ताजा खाद्य पदार्थों का केवल 8 से 10 दिन का स्टॉक बचा था। बताया जा रहा है कि 7 मार्च तक यह भंडार घटकर करीब आठ दिनों का रह गया था। इसका मुख्य कारण स्ट्रैट ऑफ हॉर्मुज का बंद होना बताया जा रहा है, जो वैश्विक समुद्री व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषक शनाका एंस्लेम परेरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ स्टीफन पॉल के बयान का हवाला देते हुए कहा, कि सप्लाई चेन डेटा के आधार पर दुबई में खाद्य भंडार सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध है। पॉल ने एक बातचीत में बताया, कि दुबई की खाद्य आपूर्ति मुख्य रूप से आयात पर निर्भर है और मौजूदा हालात में आपूर्ति शृंखला पर दबाव बढ़ गया है।खाड़ी देशों की स्थिति इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि वे अपनी जरूरत का लगभग 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ दूसरे देशों से आयात करते हैं। गल्फ कॉर्पोरेशन कॉंसिल के सदस्य देशों की करीब 70 प्रतिशत खाद्य आपूर्ति इसी जलमार्ग से होकर गुजरती है। ऐसे में यदि होर्मुज जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है तो व्यापार और आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ सकता है।

## खामेनेई के बाद अब किम जोंग उन!, ट्रंप ने कोरिया भेजी अमेरिकी सेना; जंगी तैयारियां शुरू

न्यूयॉर्क ,(ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर भी अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच टकराव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसकी वजह अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा शुरू किया गया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' है, जिसमें हजारों सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। यह युद्धाभ्यास 19 मार्च तक चलेगा।दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ्स ऑफ स्टाफ के मुताबिक इस अभ्यास में करीब '18 हजार दक्षिण कोरियाई सैनिक' शामिल हैं। हालांकि यूएस फोर्सेस कोरिया (USFK) ने इसमें भाग लेने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या सार्वजनिक नहीं की है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दक्षिण कोरियाई मीडिया में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका अपने कुछ सैन्य संसाधनों को दक्षिण कोरिया से हटाकर मिडिल ईस्ट में ईरान के खिलाफ संभावित कार्रवाई के लिए भेज रहा है। अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह कहा था कि सुरक्षा कारणों से वह सैन्य संसाधनों की तैनाती और गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं करेगी।

# खेल समाचार

## संजू सैमसन टी-20 विश्व कप फाइनल में सर्वोच्च पारी खेलने वाले बल्लेबाज बने, तोड़े कई रिकॉर्ड्स

अहमदाबाद,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ



धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (89 रन) खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा और कीवी टीम के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 33 गेंदों में पूरा किया। इस पारी के दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़े। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को सैमसन और अभिषेक शर्मा (52) की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में ही 92 रन जोड़ते हुए पहले विकेट के लिए 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने ईशान किशन के साथ भी मजबूत साझेदारी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 46 गेंदों में 89 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 5 चौके और 8 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 193.48 की रही।

सैमसन टी-20 विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने मार्लन सैमुअल्स का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ साल 2016 के टी-20 विश्व कप में 85* रन बनाए थे। केन विलियमसन इस सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 2021 के टी-20 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 85 रन की पारी खेली थी।

सैमसन टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने लगातार 3 मैचों में 50+ का स्कोर बनाया है। इससे पहले उन्होने सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 89 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर-8 के करो या मरो मुकाबले में उनके बल्ले से नाबाद 97 रन निकले थे। विराट कोहली के बाद टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में अर्धशतक जड़ने वाले सैमसन सिर्फ दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

## टी-20 विश्व कप 2026: विजेता टीम को मिले 27.50 करोड़ रुपये, जानिए अन्य टीमों की राशि

अहमदाबाद, (आरएनएस)। टी-20 विश्व कप 2026 का शानदार समापन हो गया है। फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 96 रन से हरा दिया। भारत ने तीसरी बार टी-20 विश्व कप का खिताब जीता है, जबकि कीवी टीम पहली बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाने से चूक गई। काफी लोगों के मन में यह उत्सुकता है कि किस टीम को कितनी पुरस्कार राशि मिली है? आइए सभी टीमों को मिली पुरस्कार राशि के बारे में जानते हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस मेगा टूर्नामेंट के लिए इनाम पर कुल 123.77 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। पिछले संस्करण में उसने 93 करोड़ रुपये की राशी खर्च की थी। विजेता टीम भारत को पुरस्कार स्वरूप 27.50 करोड़ रुपये की राशि मिली। इसके अलावा उपविजेता टीम न्यूजीलैंड को भी अच्छी खासी रकम बतौर पुरस्कार मिली है। न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबला हारने के बाद 14.67 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिली है।

टूर्नामेंट में केवल विजेता और उपविजेता टीमों पर ही नहीं, बल्कि अन्य टीमों पर भी पैसों की बारिश हुई। सेमीफाइनल में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की टीमों को भी अच्छी-खासी इनामी राशि मिली।

# सूर्यकुमार विश्व क्रिकेट के सबसे सफल टी-20 कप्तान बने



### रोहित दूसरे नंबर पर खिसके

मुम्बई (ए.)। भारतीय टीम की टी20 विश्वकप में खिताबी जीत के साथ ही सूर्यकुमार यादव इस प्रारुप के सबसे सफल कप्तान बन गये हैं। एशिया कप और टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव का जीत का औसत टी20अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक है। इसी के साथ ही उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड भी तोड़ दिया।

अब तक टी20अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अच्छा जीत प्रतिशत रोहित शर्मा के नाम था पर टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतते ही सूर्यकुमार ने रोहित को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार ने अब तक 52 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए 42 मैच उन्होंने जीते हैं और केवल 8 मैचों में वह हारे हैं। 2 मैचों के परिणाम नहीं निकले हैं। उनका जीत प्रतिशत बतौर कप्तान 80.77 का है।

वहीं रोहित ने भारत को 80.65 फीसदी मैच जिताए हैं। रोहित ने 62 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 50 मैचों में टीम को सफलता मिली है, जबकि 12 मुकाबले भारतीय टीम हारी है। इस सूची में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद हैं, जिन्होंने 78.38 फीसदी मैच पाकिस्तान को जिताए थे। 37 मैचों में से 29 मैचों में उनकी टीम को जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श चौथे स्थान पर हैं, जिनका जीत प्रतिशत 69.23 का है।

39 मैचों में से 27 मैचों में उन्होंने टीम को जीत दिलाई है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ का जीत प्रतिशत 66.67 फीसदी है। उन्होंने 27 मैचों में से 18 मैचों में अपनी टीम को जीत दिलायी है।

## स्विस ओपन में भाग नहीं लेंगी सिंधु

बासेल (ए.)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगी। सिंधु के नहीं होने से इस टूर्नामेंट में एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत से ही भारत को पदकों की



उम्मीद रहेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सिंधु स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हाल में ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट के लिए रवाना होने के बाद वह दुबई में फंस गयीं थी। इस तनाव से वह अब तक नहीं उबरी हैं। इसी कारण अभी वह आराम कर रही हैं। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। सिंधु का कहना है कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में हैं। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।स्विस ओपन के पुरूष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। वहीं प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरूण मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के केंता निशिमोतो से जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। वहीं किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुकाबला सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा जबकि हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी। दूसरी ओर महिला एकल में उन्नति हुड्डा का मुकाबला चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

## जसप्रीत बुमराह टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज बने, जानिए आंकड़े

अहमदाबाद(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला



ही 4 विकेट हॉल रहा है। उनकी गेंदबाजी की बदौलत ही भारतीय टीम मैच में जीत हासिल करते हुए लगातार दूसरा खिताब जीतने में सफल रही। उन्हें इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

बुमराह ने 256 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कीवी टीम को 32 रन के कुल स्कोर पर रचिन रविंद्र (1) के रूप में दूसरा झटका देते हुए मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने शानदार गेंदबाज करते हुए जिमी नीशन (8), मैट हेनरी (0) और कप्तान मिचेल सैंटनर (43) को भी पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवरों में महज 15 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

बुमराह के अब टी-20 विश्व कप में 26 मैचों में 13.65 की औसत और 5.66 की इकॉनमी से 40 विकेट हो गए हैं। वह टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्खिया को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 38-38 विकेट अपने नाम किए हैं।

अर्शदीप सिंह और टिम साउथी (36-36) तीसरे नंबर पर हैं।

# 'तुम एक महीना फ्लॉप रहे, मैं 2 साल बाहर था..' T20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद सरेआम क्यों भिड़ गए ईशान और अभिषेक?

अहमदाबाद (आरएनएस)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को धूल चटाने के बाद भारतीय खेमे में जश्न का माहौल है। इस खिताबी मुकाबले में तूफानी अर्धशतक जड़कर महफिल लूटने वाले अभिषेक शर्मा और धाकड़ बल्लेबाज ईशान किशन प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक दिलचस्प वाकये का हिस्सा बन गए। दोनों खिलाड़ी एक सवाल का जवाब देने के लिए मीडिया के सामने ही आपस में भिड़ते नजर आए। दोनों के बीच हुई इस मजेदार नोकझोंक ने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। आखिर वो कौन सा सवाल था जिस पर दोनों खिलाड़ी अपना-अपना दर्द बयां करने के लिए इतने आतुर हो गए, आइए आपको पूरा माजरा बताते हैं।

दरअसल, फाइनल के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने क्रिकेट से थोड़ा हटकर सवाल पूछ लिया। पत्रकार ने पूछा कि जब किसी का समय खराब चल रहा हो, तो वह उससे कैसे उबर सकता है और आम लोगों के लिए उनका क्या संदेश है? इस



गंभीर सवाल को सुनते ही अभिषेक शर्मा ने तुरंत माइक अपनी ओर खींच लिया और कहा कि वह इस सवाल का ज्यादा अच्छा जवाब दे सकते हैं। इतना सुनते ही ईशान किशन ने उन्हें टोकते हुए कहा कि वह भी इसका बेहतरीन जवाब दे सकते हैं क्योंकि अभिषेक तो सिर्फ एक महीने आउट ऑफ फॉर्म रहे हैं, जबकि वह पूरे दो साल तक टीम से बाहर रहे हैं। इस पर अभिषेक ने भी चुटकी लेते हुए जवाब दिया कि उनके लिए वह एक महीना भी डेढ़ साल के बराबर ही था।इस मजेदार बहस के बाद अभिषेक शर्मा ने सवाल का गहराई से जवाब देते हुए बताया कि बुरे वक्त में सबसे ज्यादा यह मायने रखता है कि आपकी कंपनी (संगत) कैसी है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वह रन नहीं बना पा रहे थे और उनके मन में खुद को लेकर डाउट था, तब भी उनके आसपास के लोगों, सपोर्ट स्टाफ और साथियों के मन में कोई शक नहीं था। सभी को उन पर पूरा भरोसा था और वे उन्हें लगातार प्रेरित कर रहे थे। अभिषेक का मानना है कि चाहे क्रिकेट हो या आम जिंदगी, आपके आसपास मौजूद सकारात्मक लोग ही आपको बुरे दौर से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं।अभिषेक के बाद ईशान किशन ने भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए इस पर अपनी राय रखी। ईशान ने बताया कि बुरे वक्त में खुद पर भरोसा बनाए रखना सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जब इंसान सेल्फ-डाउट के भंवर में फंसता है, तो दबाव और बढ़ जाता है।

एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग

# सांसद माया नारोलिया ने राज्यसभा में उठाया नर्मदापुरम की बेटियों के स्वास्थ्य का मुद्दा

## नर्मदापुरम संभाग में नीमिया मुक्त भारत अभियान को गति देने की आवश्यकता स्वस्थ किशोरी सशक्त भविष्य सांसद श्रीमती नारोलिया ने दिया जोर



नई दिल्ली / नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम संभाग में किशोरियों के बीच एनीमिया और कुपोषण की स्थिति पर राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने शून्य काल के दौरान संसद में गहरी चिंता व्यक्त की है। सदन का ध्यानाकर्षण करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बेटियों का स्वास्थ्य और उनका भविष्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।श्रीमती नारोलिया ने एनएफएचएस-5 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि नर्मदापुरम संभाग में 55-60: किशोरियाँ एनीमिया से जूझ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की एनीमिया मुक्त भारत और पोषण अभियान जैसी योजनाएं अत्यंत महत्वाकांक्षी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन और निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सांसद ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड डब्ल्युआईएफए सप्लीमेंट और टेकहोम राशन जैसी सुविधाओं की आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले व्यवधानों को दूर किया जाए। उन्होंने कहा यदि आज हमारी किशोरियाँ स्वस्थ होंगी तभी एक सशक्त समाज और सुरक्षित मातृत्व की नींव रखी जा सकेगी।श्रीमती नारोलिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि पोषण ट्रैकर और अन्य डिजिटल पहलों का लाभ शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी और आधारभूत चुनौतियों के कारण कई बार पात्र किशोरियाँ इन योजनाओं से वंचित रह जाती हैं। इस हेतु प्रमुख आग्रह एवं सुझाव सरकार के समक्ष रखें जिनमें प्रमुख रूप निगरानी तंत्र को जिला स्तर पर और मजबूत किया जाए।स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बढ़ाया जाए।पोषण अभियान के तहत आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाया जाए। सांसद के इस ध्यानाकर्षण पर सदन ने विषय की गंभीरता को स्वीकार किया।

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री से की मुलाकात

## लोकसभा क्षेत्र में रेलवे विकास और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने का किया आग्रह



नर्मदापुरम/नई दिल्ली (निप्र)। संसद भवन स्थित रेल मंत्रालय कार्यालय में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट कर लोकसभा क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सांसद चौधरी ने क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों के विकास, यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के अनेक नागरिक, किसान, विद्यार्थी एवं व्यापारी रेल सेवा पर निर्भर हैं, इसलिए स्टेशनों पर बेहतर सुविधाएं और अधिक ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने का भी आग्रह किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद द्वारा रखे गए सुझावों और मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। सांसद चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं का विस्तार होगा और यात्रियों को बेहतर रेल सेवाएं प्राप्त होंगी।

## मंगलमय परिसर में होली गीतों भरा पुष्प फाग उत्सव सम्पन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। मालाखेड़ी के मंगलमय परिसर कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण में होली गीतों का पुष्प फाग उत्सव धूम धाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संगीत कलाकार श्रीमति आशा राजपूत ओ पी शर्मा आएस शर्मा पी के साईं डॉ नमन तिवारी राम परसाई आनंद नामदेव आदित्य परसाई योगेंद्र दिवोलिया चेतन तिवारीअतुल शर्मा चंद्र शेखर प्रजापति राकेश बनाफर आदि कलाकारों नें होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। तथा खूब नाचे और पुष्प बर्षा हुई कार्यक्रम में कैलाश पालीवाल आरणशर्मा रामसेवक शर्मा गोविन्द गौर एण्के दीक्षित वायएन तिवारी नीलेश अग्रवाल मन मोहन उपाध्याय राम कृष्ण मालवीय धनराज झा सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमला बाई सोनी पंच तत्व में विलीन

नर्मदापुरम (निप्र)। रसूलिया चंदन नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमला बाई सोनी का रविवार शाम को असामायिक निधन हो गया है। वह लगभग 90 वर्ष की थीं। धार्मिक, समाज सेवी और हंसमुख मिलनसार स्वभाव की धनी सेवा निवृत्त शिक्षिका श्रीमती सोनी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। सोमवार को निज निवास चंदन नगर फेस टू रसूलिया से राजघाट के निकली शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उनके परिजन और परिचितों ने पहुंच कर श्रद्धांजली दी। उनके भतीजे अनिल सोनी, अरुण सोनी, मनोज सोनी सहित अनेक परिजन शामिल रहे।



# पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के अंतर्गत श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह श्रृंखला के 49 वें वर्ष के अंतर्गत आयोजित पंचदिवसीय ज्ञान सत्र के प्रथम दिवस पर सुंदरकांड में वर्णित ष्विभीषण शरणागति प्रसंग पर आधारित श्रीराम कथा का भव्य आयोजन सत्संग चौक सेठानी घाट नर्मदापुरम में किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम में बिहार के भागलपुर से पधारीं प्रसिद्ध मानस कोकिला श्रीमती कृष्णादेवी जी मिश्र ने अत्यंत भावपूर्ण एवं सरस शैली में कथा का वाचन किया। उन्होंने बताया कि जब लंका के राजा रावण के छोटे भाई विभीषण अपने भाई को बार.बार धर्म और नीति के मार्ग पर चलने की सलाह देते हैं, तब रावण उनके उपदेश को अस्वीकार कर देता है। इसके पश्चात विभीषण अधर्म का साथ त्यागकर भगवान श्रीराम की शरण में आने का निर्णय लेते हैं।कथावाचन के दौरान श्रीमती मिश्र ने कहा कि शरणागति का वास्तविक अर्थ है पूर्ण विश्वास विनम्रता और समर्पण के साथ भगवान की शरण को स्वीकार करना। जो भी भक्त सच्चे मन से भगवान की शरण में आता है भगवान उसे अवश्य अपनाते हैं। भगवान श्रीराम द्वारा विभीषण को शरण देने की घटना यह संदेश देती है कि सच्चे हृदय से शरण लेने वाले को भगवान कभी निराश नहीं करते।उन्होंने आगे बताया कि हनुमान जी सदगुरु के रूप में विभीषण को भगवान श्रीराम की शरणागति का मार्ग दिखाते हैं। हनुमान जी के मार्गदर्शन और कृपा से ही विभीषण को भगवान की शरणागति का सच्चा अनुभव प्राप्त होता है। इस प्रकार हनुमान जी केवल परम भक्त ही नहीं बल्कि सदगुरु के रूप में भी जीव को भगवान तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार मोह और द्वेष का त्याग कर सच्चे भाव से भगवान की शरण ग्रहण करनी चाहिए। यही शरणागति का सच्चा मार्ग है और यही जीवन की वास्तविक सार्थकता भी है।




कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबकर श्रीराम नाम का स्मरण करते रहे। वक्ता श्रीमती मिश्र का पुष्पगुच्छ से स्वागत मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा के साथ अधिवक्ता बीके चौहान राकेश फौजदार सीपी भार्गव नवनीत कोहली शिव दीक्षित रामसेवक यादव ने किया प्रवचन से पूर्व भजनांजली के अंतर्गत ऋत्विक राजपूत द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई पं राम परसाई द्वारा हारमोनियम पर एवं विपुल दुबे द्वारा तबले पर संगत की गई कार्यक्रम के अंत में विदुषी वक्ता श्रीमती मिश्र द्वारा भगवान के शयन पद नैनों में नींद भर आई बिहारी जी की का गायन किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजय गार्गव द्वारा किया।

## सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच ने नारी शक्ति का किया सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आंतरिक सुरक्षा का दायित्व निभा रही कोतवाली थाना प्रभारी कंचन ठाकुर महिला थाना प्रभारी हेमलता मिश्रा एवं यातायात थाना प्रभारी सुनीता पटेल का सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष अरुण दीक्षित वरिष्ठ सदस्य रमेश गोप्लानी डॉक्टर मयंक तोमर जयशंकर प्रसाद आजाद तिवारी संजीव शर्मा रमेश सोनी जय वाला निगम सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए डॉ मयंक तोमर द्वारा महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति हम सबके लिए पूजनीय है अरुण दीक्षित ने कहा कि तीनों थाना प्रभारी का कुशल नेतृत्व निश्चित ही नगर में अमन शांति की विचारधारा को प्रोत्साहित करता है हम सब की शुभकामनाएं है की आप शोहरत के उस चिंतन को पुलिस विभाग में स्थापित करें जिसकी चाहत आपके परिवार एवं हम सबको है।

# आपदा बचाव एवं जनसुरक्षा के लिए जन जागरूकता साइकिल रैली आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा "आपदा बचाव एवं जनसुरक्षा जागरूकता अभियान 2025-26" के अंतर्गत जनजागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित के नेतृत्व में एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा यह रैली आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय परिसर से डिप्टी कलेक्टर बबिता राठौर ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। यह रैली प्रातः 8 बजे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शांतिनिकेतन स्कूल पहुंची और वहां से आगे बढ़ते हुए होमगार्ड कार्यालय में संपन्न हुई।रैली में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों सहित आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के जवानों ने आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक आपदाओं के समय बचाव के उपायों और सुरक्षित रहने के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी, एसआई सुंदर लाल मरावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में जिले में आपदा प्रबंधन एवं जनसुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



## सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर 1 निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टार सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से माखननगर में 1 निर्माण कार्यो के लिए 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की प्रशासकीय स्वीाकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्ति जानकारी के अनुसार सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर ग्राम खारदा विकासखंड माखननगर में भीलटबाबा के पास टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 7 हजार 750 रूपये की राशि प्रशासकीय स्वीीकृति प्रदान की गई है।

## अब उनकी जाने की बारी आ गई जिनको जाना चाहिए

नर्मदापुरम (निप्र)। ऐसी बात अब कुछ तेज हो गई है कि अब उनकी बारी आ रही है जिनको यहां से जाना चाहिए। क्योंकि जिसका जितने दिन का यहां का दाना पानी होता है। उतने के बाद उनको जाना होता है। शासकीय विभाग में तबादला होना एक सामान्य प्रक्रिया है। जिसके तहत कुछ अधिकारियों को उनकी कार्यशैली व उनके द्वारा किए जाने वाले जनहितेषी कार्यों के कारण उन्हें वर्षों तक याद किया जाता है। ऐसा अनेक पूर्व के अधिकारियों के संबंध में कहा सुना जाता है। जिनकी कोई उपलब्धि नहीं होती उनको लोग भूल जाते हैं। कुछ लोग वास्तव में अपनी छबी को अपने कार्य से अच्छे से बनाकर जा चुके है। उन्हें भी जाना पड़ा जिनको रूकना चाहिए था। अब उनको भी जाना पड़ता है जिनको लोग याद नहीं करना चाहते। एक बात जरूर है कि अब कुछ और अधिकारियों का यहां से तबादला होने वाला है। लोग उनके तबादले का इंतजार भी कर रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

*नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाली महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि श्रीमती सीमा तिवारी उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी अभय सिंह ने महिलाओं से संबंधित कानूनी नियमों और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती प्रीति यादव (परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास शहरी), श्रीमती निराली आर्य (वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी), श्रीमती राखी चौरे (परियोजना अधिकारी, शिक्षा विभाग), डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. रागिनी सिकरवार (प्राध्यापक, गृह विज्ञान महाविद्यालय), सुश्री नीलोफर बी और सुश्री अफरोज खान सहित अन्य प्रतिभागी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।*

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-हरदा**

क्रमांक 1025/नाजरात-1/2026 हरदा, दिनांक 06/03/2026

**विषय :- समाचार पत्र में संक्षिप्त विज्ञापन प्रकाशन कराने बावत्।**

-----o-----

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु कार्यालय कलेक्टर, जिला हरदा के विभिन्न प्रयोजनों यथा कलेक्टर कार्यालय तहसील कार्यालय एवं विभिन्न शासकीय कार्य/सत्कार कार्य हेतु टैक्सी परमिट वाहन उपयोग करने हेतु प्रतिष्ठित टूर एवं ट्रेवल्स एजेंसियों या व्यक्ति विशेष द्वारा इच्छुक निविदाकारों से वाहन के प्रकार एवं उपयोग अनुसार दरें सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकार 500-00 (पांच सौ रूपये मात्र) का निविदा शुल्क बैंक चालान के माध्यम से शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाये 800 अन्य प्राप्तियां में जमा कर, अवकाश के दिनांक को छोडकर कार्यालयीन समय में विज्ञप्ति जारी होने की से दिनांक 16.03.2026 को सायं 5.00 बजे तक निविदा फार्म एवं शर्ते कार्यालय कलेक्टर, जिला हरदा नाजरात शाखा से प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म दिनांक 17.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा की जावेगी। तथा निविदा दिनांक 17.03.2026 को समय दोपहर 3.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्ते कलेक्टर कार्यालय जिला हरदा, अनुविभागीय अधिकारी/तहसीलदार सर्व/मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा, नगर पंचायत टिमरनी/खिरकिया जिला हरदा के सूचना पटल पर चस्पा एवं कार्यालय कलेक्टर हरदा की वेबसाईट https://harda.nic.in पर देखी जा सकती है।

जी/27003/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

संयुक्त कलेक्टर
जिला हरदा

## शिव बिहार कालोनी में रंगमंचमी और महिला दिवस मनाया



नर्मदापुरम (निप्र)। शिव बिहार कालोनी में रंगमंचमी और अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष समाजसेविका श्रीमती मीना वर्मा, शकुन्तला तोमर, रेखा रघुवंशी,ममता बैरागी, दीपा तोमर, अनीता चौहान, सीमा तिवारी, अनीता गुप्ता, उमा सैनी,मालती मेहरा, सुनीता राजपूत, राखी चौकसे, जयश्री देवलिया, रमा राजपूत, स्वेता शुक्ला, सुषमा साहू, मोहनी आशा, रानी, शालिनी, अवनि, नीतू दुबे अंजु सहित शिव विहार कालोनी और शांति नगर कालानी के नागरिक शामिल रहे। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए शुभकामनाएं दी।

## पीएम सड़क राहत योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

नर्मदापुरम (निप्र)। सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सड़क राहत योजना (PM RAHAT) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार 9 मार्च को जिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण कायक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा एवं जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे, मनीष गुणवान, विनोद सालमी की उपस्थिति में शासकीय एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सकों, पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एनआईसी मध्यप्रदेश से गौतम डे, मनीष गुणवान, विनोद सालमी एवं डॉ. नवीन ने वर्चुअल माध्यम से योजना के तकनीकी एवं संचालन संबंधी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा मार्च 2026 में सड़क दुर्घटना पीडि़तों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम राहत (PM RAHAT) योजना को मंजूरी दी गई है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम**
**दूरभाष क्रमांक 07574-253119**
**Email Address-eephedhos@mp.nic.in**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना::**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 16.03.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36/25-26 Date 26-02-2026 | 2026_PHED_485453_1 | Labour work for major and minor repairing of handpump in various villages/habitations of Block -Sohagpur, District-Narmadapuram including transportation and using departmental spares/ materials for 12 months (Total Nos. of Handpump installed in Block-Sohagpur-1075). | 1155000/- | 23100/- | 2000/- | 365 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |

जी/26956/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com